राष्ट्रीय युवा संसद के अंतिम चरण का आयोजन संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया जाएगा

***

प्रधान मंत्री समापन समारोह में विशिष्टजनों और प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे

***

लोक सभा अध्यक्ष उदघाटन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे

***

नई दिल्ली, 10 जनवरी 2021: लोक सभा सचिवालय, 11-12 जनवरी, 2021 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में राष्ट्रीय युवा संसद के अंतिम चरण का आयोजन कर रहा है।

माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी, 2021 को विशिष्टजनों और प्रतिभागियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे और युवाओं से बातचीत करेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश; तथा युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री किरेन रिजीजू 11 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय युवा संसद के उदघाटन समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।

इसके बाद प्रतिस्पर्धी सत्र आयोजित किए जाएंगे और निर्णायक मण्डल के सदस्य प्रतिभागियों के प्रदर्शन और कौशल का मूल्यांकन करेंगे।

23 दिसम्बर, 2020 से 12 जनवरी, 2021 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2021 के भाग के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग और नेहरु युवा केंद्र संगठन द्वारा संयुक्त राष्ट्र के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में विजेताओं के चयन के लिए राष्ट्रीय निर्णायक मंडल सहित सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से 87 विजेता भाग लेंगे।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने 31 दिसम्बर, 2017 को 'मन की बात' कार्यक्रम में यह इच्छा व्यक्त की थी कि भारत के प्रत्येक जिले में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया जाए जिसमें 18 से 25 वर्ष के युवा मिलकर नए भारत के निर्माण के बारे में विचार-विमर्श करें और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए तौर-तरीके और योजनाएं तैयार करें। माननीय प्रधानमंत्री जी के इस विचार से प्रेरणा लेकर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 12 से 27 जनवरी, 2019 तक पहले राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2019 का आयोजन किया था।

दूसरे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2021 का शुभारंभ 23 दिसम्बर, 2020 को हुआ था। वर्तमान कोविड -19 वैश्विक महामारी के कारण जिला और राज्य स्तर पर युवा संसदों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। तथापि, राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन 11 और 12 जनवरी, 2021 को संसद भवन में समुचित सावधानी बरतते हुए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई मानक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किया जाएगा।